# किशोरी कब कृपा होगी भजन लिरिक्स

किशोरी कब कृपा होगी,
लाड़ली कब दया होगी,
स्वामिनी कब कृपा होगी,
श्री राधे कब दया होगी।bd।

देखे – कब तुम कृपा करोगी।

---

हृदय को चीर दिखलाऊं,
पीर कैसे मैं समझाऊं,
ना मुख से दर्द कह पाऊं,
बता दो क्या दवा दोगी,
स्वामिनी कब कृपा होगी,
श्री राधे कब दया होगी।bd।

---

नही होता भजन मुझसे,
नियम पालन कठिन मुझसे,
साधन हीन मुझ जैसे,
अधम की क्या गति होगी,
स्वामिनी कब कृपा होगी,
श्री राधे कब दया होगी।bd।

---

ना छूटती देह की ममता,
ना होती जगत में समता,
निरंतर घट रही क्षमता,
अति आसक्त दुख भोगी,
स्वामिनी कब कृपा होगी,
श्री राधे कब दया होगी।bd।

---

प्रबल है विषय रस सेवन,
शिथिल है नाम जप सुमिरन,
बंधा हूँ कर्म के बंधन,
क्या मुझको आसरा दोगी,
स्वामिनी कब कृपा होगी,
श्री राधे कब दया होगी।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

फिर भी विश्वास है भारी,
की एक दिन आयेगी बारी,
श्री 'गौरदास' बलिहारी,
की एक दिन बांह पकडोगी,
स्वामिनी कब कृपा होगी,
श्री राधे कब दया होगी।**bd।**

---

किशोरी कब कृपा होगी,
लाड़ली कब दया होगी,
स्वामिनी कब कृपा होगी,
श्री राधे कब दया होगी।**bd।**

स्वर – श्री गौरदास जी महाराज।
प्रेषक – विकास किशोरी दास।
**9996546969**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com